रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-30112022-240672
CG-DL-E-30112022-240672

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5324] नई दिल्ली, बुधवार, नवम्बर 30, 2022/अग्रहायण 9, 1944
No. 5324] NEW DELHI, WEDNESDAY, NOVEMBER 30, 2022/AGRAHAYANA 9, 1944

विदेश मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 30 नवम्बर, 2022

का.आ. 5556(अ).— केंद्रीय सरकार, संयुक्त राष्ट्र (सुरक्षा परिषद) अधिनियम, 1947 (1947 का 43) की धारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सोमालिया और इरीट्रिया से सम्बंधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संकल्पों को लागू करने के बाबत आदेश, 2016 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित आदेश जारी करती है, अर्थात:-

(1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम सोमालिया और इरीट्रिया से सम्बंधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संकल्प को लागू करने के बाबत (द्वितीय संशोधन) आदेश, 2022 है ।

(2) यह राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से लागू होगा।

2. सोमालिया और इरीट्रिया से सम्बंधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संकल्पों को लागू करने के बाबत आदेश, 2016 (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त आदेश कहा गया है) का प्रस्तावना में, "और 2244 (2015)" अंको, कोष्ठकों और शब्द के स्थान पर "2244 (2015), 2607 (2021) और 2628 (2022)" शब्द, अंक और कोष्ठक रखे जाएंगे।

3. उक्त आदेश के पैरा 2 के, उप-पैरा (1) के, खंड (क) में "और 2244 (2015)" अंक, कोष्ठकों और शब्दों के स्थान पर "2244 (2015), 2607 (2021) और 2628 (2022)" शब्द, अंक और कोष्ठक रखे जाएंगे।

4. उक्त आदेश के पैरा 4 के शीर्ष "I. आयुध पर रोक" के खंड (ग) के, परंतुक में, -

(क) मद (ii) में, कोष्ठक, शब्द और अंक "संकल्प सं. 2111 (2013) के अनुबंध में हो {संकल्प सं. 2111 (2013) के पैरा 10 (क) के सन्दर्भ में}" के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा अर्थात:-

"संकल्प सं. 2111 (2013) और संकल्प 2607 (2021) के अनुबंध क और अनुबंध ख में हो [संदर्भ संकल्प 2607 (2021) का पैरा 24-25]"।

(ख) मद (iii) में उप-मद (घ) के पश्चात, निम्नलिखित उप मदें अंत: स्थापित की जाएंगी, अर्थात:

"(ङ) सोमालिया में अफ्रीकी संघ मिशन (एएमआईएसओएम) को सोमालिया में अफ्रीकी संघ संक्रमण मिशन (एटीएमआईएस) द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा [संकल्प 2628 (2022) के पैरा 22 और 25];

(च) एफजीएस (एसएसएसआई) के अलावा सोमालिया के सुरक्षा क्षेत्र संबंधी संस्थान;"

(ग) मद (vii) के पश्चात, निम्नलिखित मदें अंत: स्थापित की जाएंगी, अर्थात:-

"(viii) रक्षात्मक उद्देश्यों के लिए हथियारों और सैन्य उपकरणों को ले जाने वाले जहाजों की अस्थायी यात्राओं के लिए सोमालिया के बंदरगाहों में प्रवेश, परन्तु ऐसी मदें हर समय ऐसे जहाजों पर ही रहें [संकल्प 2607 का पैरा 34 (घ)];

(ix) हथियारों और सैन्य उपकरणों की डिलीवरी, या तकनीकी सलाह, वित्तीय और अन्य सहायता, और सैन्य गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण का प्रावधान, जिसका उद्देश्य पूरी तरह से निम्नलिखित का विकास हो:

(i) एफजीए का सोमाली राष्ट्रीय सुरक्षा बल(एसएनएसएफ), सोमाली लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए, संकल्प 2607 के अनुबंध क और ख में शामिल मदों से संबंधित मामलों को छोड़कर, जो मामला-दर-मामला आधार पर समिति के पूर्व अनुमोदन तथा समिति की सूचनार्थ क्रमशः संकल्प 2607 के पैरा 21 (क), 23 और 24 में अग्रिम अधिसूचना के अध्यधीन हैं];

(ii) एफजीएस (एसएसएसआई) से संबंधित संस्थाओं के अलावा सोमाली सुरक्षा क्षेत्र संबंधी संस्थान, सोमाली लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए, संकल्प 2607 के अनुबंध क और ख से संबंधित मदों को छोड़कर, जो लागू अनुमोदनों तथा अधिसूचना संबंधी प्रक्रियाओं के अध्यधीन हैं [जैसा कि संकल्प 2607 के पैरा 21 (ख) और (ग), 25 और 26 में निर्धारित किया गया है]।

5. उक्त आदेश के उपाबंध 5 के पश्चात, निम्नलिखित उपाबंध सम्मिलित किए जाएंगे अर्थात -

उपाबंध 6

संकल्प 2607 (2021)

सुरक्षा परिषद द्वारा 15 नवंबर 2021 को हुई इसकी 8905 बैठक में अंगीकृत किया गया

सुरक्षा परिषद,

अपने पिछले सभी प्रस्तावों और सोमालिया की स्थिति के संबंध में इसके राष्ट्रपति के वक्तव्य को *स्मरण करते हुए*,

सोमालिया की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता, राजनीतिक स्वतंत्रता और एकता के लिए अपने सम्मान की *पुष्टि करते हुए,* तथा क्षेत्रीय विवादों के अस्थिर करने वाले प्रभावों को सोमालिया में फैलने से रोकने के लिए कार्रवाई के महत्व को *रेखांकित करते हुए,*

सोमालिया की संघीय सरकार (एफजीएस) तथा सोमालिया के संघीय सदस्य राज्यों (एफएमएस) के बीच 17 सितंबर 2020 और 27 मई 2021 को हुए करारों का *स्वागत करते हुए,* एफजीएस और एफएमएस से इन करारों को लागू करने तथा 2021 में शांतिपूर्ण, विश्वसनीय और समावेशी चुनाव संपन्न कराने का *आग्रह करते हुए,*

यह विश्वास करते हुए कि सोमालिया में राज्य-निर्माण की सतत प्रगति अल-शबाब सहित आतंकवादी समूहों को सोमालिया की स्थिति का अनुचित लाभ प्राप्त करने से रोकेगी, सोमालिया की संघीय व्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगातार हो रहे विलंब पर चिंता व्यक्त करते हुए, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं संबंधी प्रगति के महत्व को रेखांकित करते हुए जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा अवसंरचना, सोमालिया संक्रमण योजना (2021) (एसटीपी), नौवीं राष्ट्रीय विकास योजना और संयुक्त रूप से सम्मत पारस्परिक जवाबदेही संरचना, तथा एक संघीय पुलिस एवं न्याय प्रणाली, वित्तीय संघवाद, शक्ति और संसाधन की साझेदारी, तथा संवैधानिक समीक्षा पर समझौता करना शामिल हैं, इस संबंध में 27 मई 2021 को सम्मत रोडमैप का स्वागत करते हुए, और एफजीएस और एफएमएस से इसे बिना विलंब लागू करने का आग्रह करते हुए,

अपने राष्ट्रीय सुरक्षा बलों को विकसित करने में इसकी आवश्यकताओं के मद्देनज़र अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहभागियों के साथ समन्वय करने के लिए एफजीएस को प्रोत्साहित करते हुए, यह संज्ञान में लेते हुए कि इन बलों को अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के लिए इस संकल्प में दिए गए उपायों के अनुसार हथियारों और विशेष उपकरणों तक पहुंच बनाने की आवश्यकता है,

राष्ट्रीय डब्ल्यूएएम रणनीति को अपनाने सहित हथियार एवं गोला-बारूद प्रबंधन (डब्ल्यूएएम) पर एफजीएस द्वारा की गई प्रगति का स्वागत करते हुए, हथियार एवं गोला-बारूद प्रबंधन संबंधी नीतियों को संहिताबद्ध और कार्यान्वित करने के लिए सतत कार्य, जिसमें सोमालिया के समस्त सुरक्षा बल के लिए एक जवाबदेह हथियार वितरण और अनुरेखण प्रणाली का विकास करना शामिल है, हेतु अनुरोध करते हुए, यह स्वीकार करते हुए कि प्रभावी हथियार एवं गोला-बारूद प्रबंधन एफजीएस और एफएमएस का दायित्व है, तथा एफजीएस और एफएमएस को इसमें सहयोग प्रदान करने के लिए सोमालिया के सहभागियों को प्रोत्साहित करते हुए, और सोमालिया की राष्ट्रीय सुरक्षा अवसंरचना और एसटीपी का अनुसरण करते हुए,

शस्त्र प्रतिरोध का उल्लंघन करते हुए सोमालिया को और उसके जरिए हथियारों और गोला-बारूद की आपूर्ति की निंदा करते हुए, विशेषत: जब वे अल-शबाब और आईएसआईएल से जुड़े सहयोगियों तक पहुंचते हैं, और जब वे इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरे के रूप में सोमालिया की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को कमज़ोर करते हैं, तथा यमन से सोमालिया तक हथियारों, गोला-बारूद और आईईडी घटकों की निरंतर अवैध आपूर्ति की भी निंदा करते हुए ,

सोमालिया और उसके बाहर अल-शबाब के आतंकवादी हमलों की निंदा करते हुए, इस विषय में गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कि अल-शबाब विशेष रूप से तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का उपयोग बढ़ाकर और वैध वित्तीय प्रणाली का अनुचित लाभ लेने के माध्यम से सोमालिया और इस क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है, तथा सोमालिया में 'इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड दि लेवांट' (आईएसआईएल जिसे दा' एश के नाम से भी जाना जाता है) से जुड़े सहयोगियों की निरंतर उपस्थिति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए,

उपयुक्त अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार कानून, अंतरराष्ट्रीय शरणार्थी कानून, और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून सहित संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय कानून संबंधी चार्टर के अनुसार, आतंकवादी कृत्यों के कारण अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के समक्ष उत्पन्न खतरों को हर संभव तरीके से रोकने की आवश्यकता की पुष्टि करते हुए,

यह स्वीकार करते हुए कि अल-शबाब द्वारा सोमालिया और इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए जो खतरा उत्पन्न किया गया है वह इस संगठन की पारंपरिक सैन्य कार्रवाई और अनियमित युद्ध प्रणाली से अधिक खतरनाक है, अल-शबाब की राजस्व उत्पादन की क्षमता पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए जैसाकि सोमालिया (एस/2021/849) पर

विशेषज्ञों के पैनल (दि पैनल) की अंतिम रिपोर्ट में दर्ज है, सोमालिया के वित्तीय क्षेत्र को मजबूत करने के लिए एफजीएस के प्रयासों का स्वागत करते हुए ताकि मनी लॉन्ड्रिंग जोखिमों की पहचान और निगरानी की जा सके तथा आतंकवाद के वित्तपोषण को रोका जा सके, संस्थागत क्षमता निर्माण पर एसटीपी में एफजीएस द्वारा उठाए गए ऐसे कदमों को संज्ञान में लेते हुए जो सोमालिया के आर्थिक भविष्य को सक्षम बनाने के लिए वित्तीय सेवाओं के महत्व को ध्यान में रखते हुए इन क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास करते हैं, अल-शबाब के वित्त-पोषण को बाधित करने के उद्देश्य से एक योजना विकसित करने के लिए एफजीएस, ड्रग्स एंड क्राइम संबंधी संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) और दि पैनल द्वारा किए गए प्रयासों का भी स्वागत करते हुए, तथा इस प्रक्रिया को सहयोग प्रदान करने के लिए एफजीएस, एफएमएस, सोमालिया के वित्तीय संस्थानों, निजी क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सहभागिता का अनुरोध करते हुए,

सोमालिया में भ्रष्टाचार और सार्वजनिक संसाधनों के विपथन की लगातार खबरों पर चिंता व्यक्त करते हुए, भ्रष्टाचार को कम करने के लिए एफजीएस द्वारा किए गए प्रयासों का स्वागत करते हुए जिसमें 21 सितंबर 2019 को भ्रष्टाचार-रोधी कानून का प्रवर्तन और भ्रष्टाचार-रोधी आयोग की स्थापना, तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन का अनुसमर्थन शामिल है, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन और वित्तीय रिपोर्टिंग केंद्र के सकारात्मक कार्य को सुदृढ़ करने में एफजीएस और एफएमएस द्वारा की गई प्रगति का स्वागत करते हुए, और भ्रष्टाचार को दूर करने के प्रयास जारी रखने, और सुधार की गति में तेजी लाना जारी रखने के लिए एफजीएस और एफएमएस का आह्वान करते हुए,

चारकोल के निर्यात को कम करने के लिए एफजीएस,एफएमएस और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राष्ट्रों द्वारा चारकोल गंतव्य बाज़ारों के साथ किए गए उपायों का स्वागत करते हुए, निर्यात बिंदुओं पर मौजूदा चारकोल भंडार की निगरानी और नियंत्रण के लिए अनुरोध करते हुए, चारकोल पर सोमालिया की राष्ट्रीय नीति, जिसका उद्देश्य चारकोल-भंडार के निपटान हेतु अंतर्देशीय चारकोल उपयोग के स्थायी प्रबंधन का विकास करना है, के विकास को और अधिक प्रोत्साहित करते हुए,

चीनी के व्यापार का अनुचित लाभ उठाने की अल-शबाब की कथित क्षमता पर चिंता *व्यक्त करते हुए* तथा एफजीएस, एफएमएस और क्षेत्रीय हितधारकों से इसके समाधान हेतु आग्रह करते हुए,

सोमालिया के क्षेत्राधिकार वाले समुद्री क्षेत्र में अवैध और अनियमित मछली पकड़ने की निरंतर रिपोर्टों पर चिंता व्यक्त करते हुए, अवैध रूप से मछली पकड़ने और अल-शबाब की राजस्व उत्पादन की क्षमता के बीच संबंध को ध्यान में रखते हुए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि सोमालिया के उपयुक्त कानून के अनुसार मछली पकड़ने के लाइसेंस जारी किए गए हैं, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सहयोग से सोमालिया के अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए, समुद्री क्षेत्र संबंधी जागरूकता और प्रवर्तन क्षमताओं में सुधार करने के लिए एफजीएस, एफएमएस और सोमालिया के अधिकारियों को यूएनओडीसी, उनके अंतर्राष्ट्रीय सहभागियों और अन्य हितधारकों के साथ काम करने के लिए और अधिक प्रोत्साहित करते हुए,

गलमुदुग की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए, 2021 के चुनावों से पहले और उसके बाद विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के महत्व को दोहराते हुए, तथा सोमालिया में दीर्घकालिक शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने में समावेशी राजनीति और लोकतांत्रिक चुनाव के महत्व की पुष्टि करते हुए,

सोमालिया में मानवीय स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, बाढ़, सूखे, टिड्डियों के संक्रमण, जबरन विस्थापन और कोविड-19 से उत्पन्न संयुक्त खतरे को ध्यान में रखते हुए, तथा मानवीय सहायता को सुरक्षित ढंग से पहुंचाने में बाधा डालने वाले किसी भी पक्ष, किसी मानवीय निधि या आपूर्ति के किसी भी प्रकार के विपथन अथवा दुरूपयोग, तथा मानवीय कार्यकर्ताओं के विरुद्ध हिंसा की गतिविधियों या उत्पीड़न की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए,

सोमालिया में यौन और लिंग-आधारित हिंसा के चिंताजनक स्तरों का दस्तावेजीकरण करने वाली रिपोर्टों, महासचिव की रिपोर्ट सहित, को ध्यान में रखते हुए, इसे भी चिंता के साथ ध्यान में रखते हुए कि सोमालिया बच्चों के लिए सबसे घातक युद्ध क्षेत्रों में से एक है, जैसा कि बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर महासचिव की 2021 की रिपोर्ट में उल्लिखित है, अंतरराष्ट्रीय

कानून का उल्लंघन करते हुए सशस्त्र संघर्ष में बच्चों की भर्ती के उच्च स्तर तथा अपहरण के उच्च स्तर को भी चिंता के साथ संज्ञान में लेते हुए, जिसमें अल-शबाब मुख्य अपराधी बना हुआ है, और सोमालिया के अधिकारियों से आग्रह करते हुए कि संकल्प 2467 (2019) के अनुसार उपायों को लागू करने के साथ, बच्चों के विरुद्ध इन "छह गंभीर अपराधों " जैसाकि महासचिव द्वारा चिह्नित किया गया है, के समाधान के प्रयासों को और मजबूत किया जाए,

सोमालिया में स्थिरता के लिए समावेशी संवाद और स्थानीय मध्यस्थता संबंधी प्रक्रियाओं के महत्व को दोहराते हुए , एफजीएस और एफएमएस दोनों के बीच तनाव को कम करने के लिए उन्हें रचनात्मक वार्ता में शामिल करने के महत्व की पुष्टि करते हुए, और यह भी दोहराते हुए कि 2021 में चुनाव को सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने से, जैसाकि नियोजित और सम्मत है, सोमालिया अन्य बातों के साथ-साथ मुख्य समस्याओं पर पुन: ध्यान केंद्रित कर पाएगा जिनमें अल-शबाब द्वारा उत्पन्न खतरा, हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी, मानवीय आवश्यकताएं, बाढ़, सूखे और कोविड-19 की समस्याएं शामिल हैं तथा सोमालिया की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को पूरा करने में सभी पक्षों को सक्षम बना पाएगा,

पैनल की अंतिम रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए, पैनल और एफजीएस के बीच बढ़े हुए सहयोग का स्वागत करते हुए और यह स्मरण करते हुए कि विशेषज्ञों के पैनल सुरक्षा परिषद के अधिदेश के अनुसार काम करते हैं,

देश के पुनर्निर्माण, आतंकवाद के खतरे का मुकाबला करने और हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी को रोकने के प्रयासों में एफजीएस के लिए समर्थन व्यक्त करते हुए, यह सुनिश्चित करने के अपने इरादे को फिर से व्यक्त करते हुए कि इस संकल्प में दिए गए उपायों एफजीएस को इन उद्देश्यों की प्राप्ति में सक्षम बनाएंगे, यह देखते हुए कि सोमालिया में सुरक्षा की स्थिति में इन उपायों की आवश्यकता बनी हुई है, जिसमें हथियारों की आवाजाही पर सख्त नियंत्रण शामिल है, लेकिन यह पुष्टि करते हुए कि इससे सोमालिया में स्थिति निरंतर समीक्षाधीन रहेगी और यह इस संकल्प में निहित उपायों की उपयुक्तता की समीक्षा करने के लिए तैयार किया जाएगा जिसमें हासिल की गई प्रगति और इस संकल्प के अनुपालन के आलोक में यथावश्यक संशोधन, संभावित बेंचमार्क, निलंबन या उपायों को वापस लेना शामिल है,

संकल्प 2444 (2018) के पैराग्राफ 1 से 8 को स्मरण करते हुए, यह पुनः पुष्टि करते हुए कि यह इरीट्रिया और जिबूती के बीच संबंधों को सामान्य बनाने से संबंधित घटनाक्रमों पर दृष्टि रखना जारी रखेगा और इन मामलों के सद्भावनापूर्ण समाधान के लिए दोनों देशों का समर्थन करेगा।

इस संबंध में सोमालिया में राष्ट्र- और शांति-निर्माण के अपने उद्देश्य को रेखांकित करते हुए, जिसमें सोमालिया और इस क्षेत्र में अल-शबाब द्वारा शांति और सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरे को कम करना और अल-शबाब की गतिविधियों के विघटनकारी प्रभाव को कम करना और सोमालिया का सुरक्षा क्षेत्र के सुधारों, विशेष रूप से हथियारों और गोला-बारूद प्रबंधन और और निम्नलिखित परिचालन पैराग्राफ में उल्लिखित उपायों और तंत्रों के माध्यम से समर्थन करना शामिल है,

यह निर्धारित करते हुए कि सोमालिया के हालात इस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं,

संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के अधीन कार्य करते हुए,

भाग 1: अल-शबाब के प्रभाव को कम करना

1. यह दोहराते हुए कि अल-शबाब शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है और इसकी आतंकवादी एवं अन्य गतिविधियों का सोमालिया और इस क्षेत्र में विघटनकारी प्रभाव पड़ा है, और अल-शबाब के वित्तपोषण को निशाना बनाने, समुद्री क्षेत्र जागरूकता में सुधार करने, चारकोल की बिक्री सहित अवैध राजस्व सृजन को रोकने तथा आईईडी द्वारा उत्पन्न खतरे को कम करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है;

1क: अवैध वित्तपोषण का निशाना बनाना

2. अल-शबाब की राजस्व और धनशोधन, संसाधनों का भंडारण एवं हस्तांतरण की क्षमता को चिंता के साथ नोट करते हुए, एफजीएस से सोमाली वित्तीय प्राधिकरणों, निजी क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवादी वित्तपोषण खतरों की पहचान करने, उनका मूल्यांकन करने और उपशमन करने, अनुपालना (अपने ग्राहक को जानें और उपयुक्त अध्यवसायी प्रक्रियाओं सहित) में सुधार के लिए काम जारी रखने का आह्वान करता है और पर्यवेक्षण एवं प्रवर्तन को सुदृढ़ करता है जिसमें सोमालिया के सेंट्रल बैंक और वित्तीय रिपोर्टिंग केंद्र को एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग एड काउंटर द फाइनेंसिंग ऑफ टेररिज्म एक्ट (2016) और साथ ही मोबाइल मनी रेगुलेशन (2019), के अनुरूप बढ़ी हुई रिपोर्टिंग करना, एक राष्ट्रीय पहचान (आईडी) बिल पर हस्ताक्षर करने के लिए एफजीएस की सराहना करता है और वित्तीय पहुंच और अनुपालन में सुधार एवं आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए एक प्राथमिकता के मामले के रूप में एक अद्वितीय सोमाली आईडी के विकास को प्रोत्साहित करता है, इसके अलावा, इन खतरों के समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से सहायता लेने को प्रोत्साहित करता है और एफजीएस, यूएनओडीसी और पैनल से अल-शबाब के वित्तपोषण के बारे में सूचनाओं का आदान-प्रदान जारी रखने और अल-शबाब के वित्तपोषण को बाधित करने और कानूनी वित्तीय प्रणाली के उपयोग की योजना तैयार करने के लिए हितधारकों के साथ काम करना जारी रखना शामिल है;

3. एफजीएस से संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राष्ट्रों, विशेष रूप से इस क्षेत्र के अन्य सदस्य राष्ट्रों और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ संकल्प 1373 (2001), संकल्प 2178 (2014), संकल्प 2462 (2019) और प्रासंगिक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुपालन सहित आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने और उसका मुकाबला करने के लिए सहयोग और समन्वय को मजबूत करने का अनुरोध करता है और एफजीएस से अनुरोध करता है कि परिषद को अपनी नियमित रिपोर्टिंग में आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए सोमाली प्राधिकारियों द्वारा की गई विशिष्ट कार्रवाइयों पर अद्यतन स्थिति से अवगत कराएं;

1ख: समुद्री निषेधाज्ञा और समुद्री क्षेत्र जागरूकता में सुधार

4. समुद्री अपराध संबंधी हिंद महासागर मंच के तहत यूएनओडीसी के वर्तमान अधिदेश के अधीन इसे सोमालिया में अवैध समुद्री दुर्व्यापार पर कार्रवाई करने और आतंकवादी गतिविधियों को वित्तपोषण करने वाले वैध और अवैध सभी प्रकार के सामानों की तस्करी को बाधित करने के लिए क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने हेतु यूरोपीय नौसेना बल ऑपरेशन अटलांटा, संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) और इस क्षेत्र में अन्य नौसैनिक बलों सहित प्रासंगिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को एक साथ लाने के लिए प्रोत्साहित करता है, और तस्करी और अवैध व्यापार में मछली पकड़ने वाले जहाजों की भूमिका सहित एफजीएस और एफएमएस को उनकी समुद्री क्षेत्र जागरूकता और प्रवर्तन में सुधार करने के लिए सहायता करता है;

5. 15 नवंबर 2022 तक संकल्प 2182 (2014) के पैरा 15 में निर्धारित उपबंधों को नवीनीकृत और विस्तारित करने का निर्णय करता है और सदस्य राष्ट्रों को एफजीएस के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर पर या स्वैच्छिक बहुराष्ट्रीय नौसैनिक भागीदारी जैसे "संयुक्त समुद्री बलों" के माध्यम से कार्य करने के लिए अधिकृत करता है और जिसे एफजीएस ने महासचिव को अधिसूचित किया है और जिसे महासचिव ने बाद में सभी सदस्य राष्ट्रों को अधिसूचित किया है, ताकि सोमालिया पर हथियारों पर प्रतिबंध के सख्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया जा सके और वे सोमाली समुद्र क्षेत्रीय जल में और सोमालिया के तट से दूर अरब सागर और फ़ारस की खाड़ी तक फैले हुए समुद्र में सोमालिया आने वाले या वहाँ से जाने वाले जहाजों, जिनके बारे में यह विश्वास करने के लिए पर्याप्त आधार हैं कि वे निम्नलिखित गतिविधियों में संलग्न हैं, पर चारकोल प्रतिबंध, और आईईडी कल-पुर्जों पर प्रतिबंध लगाएंगे और बिना किसी अनुचित देरी के निरीक्षण करेंगे:

(i) चारकोल प्रतिबंध के उल्लंघन में सोमालिया से चारकोल ले जाना;

(ii) सोमालिया पर हथियारों के प्रतिबंध के उल्लंघन में सोमालिया में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हथियार या सैन्य उपकरण ले जाना;

(iii) संकल्प 751 (1992) के अनुसरण में समिति द्वारा निर्दिष्ट व्यक्तियों या संस्थाओं को हथियार या सैन्य उपकरण पहुँचाना; अथवा

(iv) आईईडी संघटकों पर प्रतिबंध के उल्लंघन में इस संकल्प के उपाबंध ग के भाग I में चिह्नित आईईडी कल-पुर्जों को ले जाना;

1ग: सोमालिया चारकोल प्रतिबंध

6. सोमालिया से चारकोल के निर्यात संबंधी पूर्ण प्रतिबंध के उल्लंघन में किसी भी निर्यात की निंदा करता है, सोमालिया के चारकोल के आयात एवं निर्यात पर प्रतिबंध के संबंध में अपने निर्णय की पुष्टि करता है जैसा कि इसके संकल्प 2036 (2012) के अनुच्छेद 22 ("चारकोल प्रतिबंध") और संकल्प 2182 (2014) के अनुच्छेद 11 से 21 में निर्दिष्ट किया गया है;

7. सोमालिया से चारकोल के निर्यात को कम करने के लिए एफजीएस, एफएमएस और सदस्य राष्ट्रों द्वारा किए गए उपायों का स्वागत करता है, अपने इस अनुरोध को दोहराते हुए कि सोमालिया में अफ्रीकी संघ मिशन (एएमआईएसओएम) सोमालिया से चारकोल के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध को लागू करने में एफजीएस और एफएमएस को समर्थन और सहायता करता है, घरेलू चारकोल उपयोग के सतत प्रबंधन के विकास के लिए सोमालिया की राष्ट्रीय चारकोल नीति में और बेहतरी करने को प्रोत्साहित करता है, एफजीएस की राष्ट्रीय चारकोल नीति को विकसित करने से संबंधित सूचना प्रदान करने के लिए एफजीएस को घरेलू चारकोल उत्पादन संबंधी आंकड़े और उन्नत विश्लेषण उपलब्ध कराने के के लिए, खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) को प्रोत्साहित करता है और चारकोल निर्यात करने वाले बंदरगाहों तक पैनल की नियमित पहुंच की सुविधा के लिए एएमआईएसओएम का आह्वान करता है

8. सोमालिया को और सोमालिया से चारकोल के निर्यात और आयात की निगरानी और उसे रोकने के लिए यूएनओडीसी और इसके अंतर्राष्ट्रीय सहभागियों के प्रयासों के महत्व की पुष्टि करता है;

1घ: आईईडी संघटक प्रतिबंध

9. अल-शबाब द्वारा किए गए आईईडी हमलों में वृद्धि को देखते हुए, निर्णय लिया कि सभी राष्ट्र इस संकल्प के अनुबंध ग के भाग I में उल्लिखित सामग्री के उनके भूक्षेत्रों से या उनके अपने भूक्षेत्रों के बाहर उनके नागरिकों, या अपने ध्वज जहाजों या विमानों का उपयोग करके सोमालिया को किए जाने वाले प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बिक्री, आपूर्ति या हस्तांतरण को रोकेंगे, यदि यह प्रमाणित करने के पर्याप्त सबूत हैं कि ऐसी सामग्री का उपयोग सोमालिया में तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों के निर्माण में किया जा सकता है या उनके उपयोग से इस तरह का बड़ा जोखिम हो सकता है;

10. यह भी निर्णय करता है कि जब इस संकल्प के अनुबंध ग के भाग I में उल्लिखित कोई सामग्री पैराग्राफ 9 के अनुरूप सोमालिया को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बिक्री, आपूर्ति या हस्तांतरित की जाती है, तो संबंधित राष्ट्र ऐसी बिक्री, आपूर्ति या हस्तांतरण के बाद 15 कार्य दिवसों के भीतर समिति को ऐसी बिक्री, आपूर्ति या हस्तांतरण के बारे में अधिसूचित करेगा, और इस अनुच्छेद के अनुसरण में जारी अधिसूचनाओं के महत्व पर बल देता है, जिसमें सामग्री के उपयोग का उद्देश्य, अंतिम उपयोगकर्ता, तकनीकी विनिर्देश और भेजी गई सामग्री की मात्रा सम्मिलित है;

11. सदस्य राष्ट्रों को उनके नागरिकों, उनके अधिकार क्षेत्र के अधीन व्यक्तियों और उनके भूक्षेत्र में निगमित या उनके अधिकार क्षेत्र के अध्यधीन फर्म जो सोमालिया में विस्फोटक प्रीकर्सर और सामग्रियों की बिक्री, आपूर्ति या हस्तांतरण में शामिल हैं, जिनका उपयोग उन्नत विस्फोटक उपकरणों के निर्माण में किया जा सकता है, के लिए सतर्कता की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त उपाय शुरू करने का आह्वान करता है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ एफजीएस के साथ लेनदेन का रिकॉर्ड रखने और सूचना साझा करने के लिए अनुबंध ग के भाग II में उल्लिखित सामग्री शामिल हैं, समिति और पैनल यह सुनिश्चित करेंगे कि सोमालिया में व्यक्तियों द्वारा इन रसायनों की संदिग्ध खरीद या पूछताछ के संबंध में और इन

सामग्रियों के भंडारण एवं वितरण के लिए उपयुक्त सुरक्षा उपाय स्थापित करने के लिए एफजीएस और एफएमएस को पर्याप्त वित्तीय और तकनीकी सहायता उपलब्ध हो;

12. एफजीएस विस्फोटक आयुध निपटान दलों के निरंतर विशेषज्ञ प्रशिक्षण और विस्फोटकों के विश्लेषण में सोमाली क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए उपयुक्त उपकरण और समन्वय सहायता प्रदान करने के लिए सोमालिया के अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय भागीदारों को प्रोत्साहित करता है;

भाग 2: सोमालिया में राष्ट्र को समर्थन-और शांति व्यवस्था

2क: सुरक्षा क्षेत्र में सुधार और अंतरराष्ट्रीय कानून का अनुपालन

13. एफएमएस के साथ समन्वय में राष्ट्रीय सुरक्षा ढाँचे और एसटीपी के कार्यान्वयन में गति लाने के लिए एफजीएस का आह्वान करता है, और 27 मई 2021 रोडमैप को लागू करने के लिए एफजीएस और एफएमएस से आग्रह करता है;

14. इसके अलावा एफजीएस और एफएमएस से उनके सुरक्षा तंत्र की नागरिक निगरानी बढ़ाने, मानवाधिकारों की समीक्षा सहित सभी रक्षा और सुरक्षा कर्मियों संबंधी उपयुक्त जांच प्रक्रियाओं को अपनाने और लागू करना जारी रखने, और जांच करना और, जैसा उपयुक्त हो, अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून और मानवाधिकार कानून सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन और युद्ध एवं युद्ध पश्चात् स्थितियों में यौन और लिंग आधारित हिंसा के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने का आह्वान करता है, और इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र द्वारा सोमाली सुरक्षा बलों और एएमआईएसओएम को दिए गए समर्थन के संबंध में महासचिव की मानवाधिकार और उपयुक्त अध्यवसाय की नीति के महत्व को पुनः स्मरण करता है;

15. सोमाली सुरक्षा बलों को विश्वसनीय, पेशेवर और प्रतिनिधि क्षमता वाले बलों के रूप में विकसित करने में मदद करने के लिए एसटीपी के कार्यान्वयन का समर्थन करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का *आह्वान करता है*;

16. *सोमालिया* में संघर्षरत सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने का आह्वान करता है, और सैन्य अभियानों के परिणामस्वरूप नागरिक हताहतों की सूचना मिलने पर त्वरित और पूर्ण जांच जारी रखने का आग्रह करता है;

2ख: हथियार और गोला बारूद प्रबंधन और सोमालिया में तथा उसके भीतर हथियारों की अवैध आवाजाही को रोकना

17. हथियारों और गोला-बारूद प्रबंधन में हुई प्रगति *का स्वागत करता है और* हथियारों, गोला-बारूद और अन्य सैन्य उपकरणों और उनके वितरण के सुरक्षित और प्रभावी प्रबंधन, भंडारण और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एफजीएस और एफएमएस की जिम्मेदारी को रेखांकित करता है, जिसमें एक ऐसी प्रणाली का कार्यान्वयन शामिल है जिसमें इकाई स्तर पर ऐसे सभी सैन्य उपकरणों और आपूर्ति को ट्रैक करने की व्यवस्था है;

18. यह पुनः *पुष्टि* करता है कि एफजीएस, एफएमएस और एएमआईएसओएम के सहयोग से आक्रामक हमले के हिस्से के रूप में या उनके अधिदेश को पूरा करने के दौरान जब्त किए गए सभी हथियारों और सैन्य उपकरणों का दस्तावेज़ीकरण और पंजीकरण करेगा, जिनमें हथियार और/या गोला-बारूद की प्रकृति और क्रम संख्या को रिकॉर्ड करना, सभी सामग्रियों की फोटोग्राफी करना तथा उन्हें सुसंगत रूप से चिह्नित करना तथा सभी सैन्य साजो-सामानों के पुनः वितरण अथवा उन्हें नष्ट करने से पहले पैनल द्वारा उनके निरीक्षण की सुविधा प्रदान करना शामिल है;

19. एफजीएस और एफएमएस की हथियारों और गोला-बारूद प्रबंधन क्षमता को विकसित करने के लिए अतिरिक्त एवं समन्वित समर्थन प्रदान करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अतिरिक्त और प्रदान करने का आह्वान करता है जिसमें प्रशिक्षण, भंडारण, बुनियादी ढांचे और वितरण के लिए समर्थन, तकनीकी सहायता एवं क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया गया है और इस संकल्प की अपेक्षाओं के कार्यान्वयन के लिए प्रभारी एफजीएस निकायों को सुदृढ़ बनाने में समर्थन के प्रयासों के समन्वय हेतु अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय भागीदारों को प्रोत्साहित करता है;

20. इस बात *पर जोर* दिया गया है कि कारगर हथियार और गोला बारूद प्रबंधन से अल-शबाब और अन्य सशस्त्र समूहों की सोमालिया और इस क्षेत्र में हथियार प्राप्त करने की क्षमता घटेगी और इस प्रकार से इससे शांति और सुरक्षा के लिए खतरा कम होगा और इस बात की पुष्टि करता है कि सभी राष्ट्र सोमालिया में शांति और स्थिरता स्थापित करने के प्रयोजनों के लिए सोमालिया को हथियारों और सैन्य उपकरणों की सभी प्रदायगी पर एक सामान्य और पूर्ण प्रतिबंध लागू रखेंगे, जिसमें सभी प्रकार के हथियारों और सैन्य उपकरणों की आपूर्ति और इनके अधिग्रहणों के लिए वित्तपोषण पर रोक लगाना तथा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तकनीकी सलाह, वित्तीय और अन्य सहायता देना और सैन्य गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल है, जब तक कि परिषद अन्यथा निर्णय नहीं लेती (जैसा कि इसके संकल्प 733 (1992) और के पैरा 5 और संकल्प 1425 (2002) के पैरा 1 और 2 द्वारा प्रारम्भिक रूप से अधिरोपित किया गया था, इसके बाद "शस्त्र प्रतिबंध" संदर्भित किया गया;

21. यह स्वीकार करते हुये कि एफ़जीएस (एसएसएसआई) तथा सोमाली राष्ट्रीय सुरक्षा बल (एसएनएसएफ) और सोमाली सुरक्षा क्षेत्र संस्थानों को अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के लिए सोमालिया की राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे और एसटीपी के अनुरूप हथियारों और विशेषज्ञ उपकरणों के एक्सेस की आवश्यकता होगी और यह *पुष्टि करते हुये* कि शस्त्र प्रतिबंध निम्न पर लागू नहीं होगा:

(1) सोमालियाई लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एसएनएसएफ के विकास के लिए हथियारों और सैन्य उपकरणों की आपूर्ति, या तकनीकी सलाह, वित्तीय और अन्य सहायता तथा सैन्य गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करना, इस संकल्प के अनुबंध क और ख के मदों को छोड़कर, जो इस संकल्प के पैरा 23 और 24 में निर्धारित अनुमोदनों और अधिसूचना प्रक्रियाओं के अध्यधीन हैं;

(2) सोमालियाई लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एसएसएसआई के विकास के लिए हथियारों और सैन्य उपकरणों की आपूर्ति, इस संकल्प के अनुबंध क और ख के मदों को छोड़कर, जो इस संकल्प के पैरा 25 और 26 में निर्धारित अनुमोदनों और अधिसूचना प्रक्रियाओं के अध्यधीन हैं;

(3) सोमालियाई लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एसएसएसआई के विकास के लिए तकनीकी सलाह, वित्तीय और अन्य सहायता तथा सैन्य गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करना, जो इस संकल्प के निम्न पैरा 26 में निर्धारित अनुमोदनों और अधिसूचना प्रक्रियाओं के अध्यधीन हैं;

22. *पुष्टि करता है* कि इस संकल्प के पैरा 21 में छूट के अनुसार बेचे या आपूर्ति किए गए हथियारों और सैन्य उपकरणों को ऐसे किसी भी व्यक्ति या संस्था या बेचने वाले या आपूर्ति करने वाला राष्ट्र या अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय या उपक्षेत्रीय संगठन को दोबारा बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और उनके उपयोग के लिए उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, जो सोमाली नेशनल सुरक्षा बल या सोमाली सुरक्षा क्षेत्र की संस्था की सेवा में नहीं है, जिसे इन्हें मूल रूप से बेचा या आपूर्ति की गई थी,;

शस्त्र प्रतिबंध के तहत आवश्यक स्वीकृतियां और सूचनाएं

23. पुन: *पुष्टि* करता है कि सोमालियाई लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एसएनएसएफ के विकास के लिए इस संकल्प के अनुबंध क के अनुसार वस्तुओं की डिलीवरी के लिए मामला-दर-मामला आधार पर समिति द्वारा अग्रिम अनुमोदन की आवश्यकता होती है, जिसके लिए अनुरोध एफजीएस या राष्ट्र या अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय या उप-क्षेत्रीय संगठन जो सहायता प्रदान करते हैं द्वारा कम से कम पांच कार्य दिवस पहले प्रस्तुत किए जाएंगे;

24. पुन: *पुष्टि* करता है कि सोमालियाई लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एसएनएसएफ के विकास के लिए इस संकल्प के अनुबंध ख में वस्तुओं की डिलीवरी, एफजीएस या राष्ट्र या अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय या उप-क्षेत्रीय संगठन द्वारा सहायता प्रदान करने वाले कम से कम पांच कार्य दिवस पहले प्रस्तुत जानकारी के लिए समिति को अधिसूचना के अधीन हैं;

25. *पुष्टि* करता है कि सोमाली लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एसएसएसआई के विकास के लिए इस संकल्प के अनुबंध क में वस्तुओं की आपुर्ति के लिए मामला-दर-मामला आधार पर समिति द्वारा अग्रिम अनुमोदन की आवश्यकता होती है, जिसके लिए अनुरोध आपूर्ति करने वाले राष्ट्र या अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय या उप-क्षेत्रीय संगठन द्वारा किया कम से कम पांच कार्य दिवस पहले प्रस्तुत किया जाना चाहिए और राज्यों या अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय संगठनों से *अनुरोध* किया जाता है कि वे ऐसी किसी भी डिलीवरी के लिए समानांतर एफजीएस को अग्रिम में कम से कम पांच कार्य दिवस पहले सूचित करें;

26. *पुष्टि* करता है कि सोमालियाई लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एसएसएसआई के विकास के लिए इस संकल्प के लिए अनुबंध ख में वस्तुओं की आपूर्ति या तकनीकी सलाह, वित्तीय और अन्य सहायता और सैन्य गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण, आपूर्ति करने वाले राष्ट्र या अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय संगठन से अधिसूचना प्राप्त करने के पांच कार्य दिवसों के भीतर समिति के नकारात्मक निर्णय की अनुपस्थिति में प्रदान किया जाता है और राष्ट्रों या अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय संगठनों को एफजीएस को कम से कम पांच कार्य दिवस पहले *ऐसी किसी भी आपूर्ति के साथ साथ* सूचित करने का *अनुरोध करता है*;

27. *पुन: पुष्टि* करता है कि केवल मानवीय या सुरक्षात्मक उपयोग के लिए अभिप्रेत गैर-घातक सैन्य उपकरणों की डिलीवरी के विषय में आपूर्ति करने वाले राष्ट्र या अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय या उप-क्षेत्रीय संगठन द्वारा समिति को पांच दिन पहले अधिसूचित की जाएगी;

स्वीकृतियों और अधिसूचनाओं के बारे में अधिक जानकारी

28. *पुष्टि* करता है कि एफजीएस का प्राथमिकता है कि वह कम से कम पांच दिन पहले एसएनएसएफ को हथियारों और सैन्य उपकरणों की किसी भी डिलीवरी के लिए अनुच्छेद 23 या 24 के अनुसार समिति से अनुमोदन प्राप्त करे या सूचित करे, और यह कि सभी अनुमोदन और अधिसूचनाओं के अनुरोधों में: हथियारों और सैन्य उपकरणों के निर्माता और आपूर्तिकर्ता का विवरण, प्रकार, कैलिबर और गोला-बारूद सहित हथियारों और गोला-बारूद का विवरण, प्रस्तावित तिथि और वितरण की जगह और एसएनएसएफ में गंतव्य इकाई या भंडारण स्थान की सभी प्रासंगिक जानकारी शामिल होनी चाहिए;

29. पुन: *पुष्टि* करता है कि अनुच्छेद 23 या 24 के अनुसरण में एसएनएसएफ को हथियार और सैन्य उपकरण की आपुर्ति करने वाला राष्ट्र या अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय या उप-क्षेत्रीय संगठन, वैकल्पिक रूप से, एफजीएस के परामर्श से अनुमोदन या अधिसूचना के लिए अग्रिम अनुरोध कर सकता है, जैसा कि लागू हो, फिर से *पुष्टि करता है* ऐसा करने के लिए चुनने वाले राष्ट्र या अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय या उप-क्षेत्रीय संगठन को अनुमोदन या अधिसूचना के लिए अग्रिम अनुरोध के एफजीएस के भीतर उपयुक्त राष्ट्रीय समन्वय निकाय को सूचित करना चाहिए और एफजीएस को अधिसूचना प्रक्रियाओं के साथ तकनीकी सहायता प्रदान करना चाहिए और समिति से अनुरोध करना चाहिए कि राष्ट्रों या अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय या उप-क्षेत्रीय संगठनों से अनुमोदन और अधिसूचना के लिए अग्रिम अनुरोध एफजीएस में उपयुक्त राष्ट्रीय समन्वय निकाय को प्रेषित किया जाये;

30. पुन: *पुष्टि* करता है कि अनुच्छेद 25 या 26 के अनुसरण में, एसएसएसआई को किसी भी हथियार और सैन्य उपकरण, तकनीकी सलाह, वित्तीय और अन्य सहायता और सैन्य गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण देने वाले राष्ट्र या अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय या उप-क्षेत्रीय संगठन को समिति से अनुमोदन प्राप्त करने की जिम्मेदारी है या उसे सूचित करना है, जैसा लागू हो, उन वस्तुओं की किसी भी डिलीवरी, सलाह, सहायता या प्रशिक्षण के लिए और एफजीएस को समानांतर में कम से कम पांच कार्य दिवस पहले सूचित करना और *निर्णय* लेना कि अनुमोदन और अधिसूचना के सभी अनुरोधों में: निर्माता का विवरण और सीरियल नंबर सहित हथियारों और सैन्य उपकरणों के आपूर्तिकर्ता, प्रकार, कैलिबर और गोला-बारूद सहित

हथियारों और गोला-बारूद का विवरण, प्रस्तावित तिथि और डिलीवरी की जगह और इच्छित गंतव्य इकाई, या भंडारण के इच्छित स्थान से संबंधित सभी प्रासंगिक जानकारी शामिल होनी चाहिए ;

31. *चिंताजनक रिपोर्ट को नोट करता है* कि राष्ट्र पूर्व प्रस्तावों में निर्धारित अधिसूचना प्रक्रियाओं का पर्याप्त रूप से पालन नहीं कर रहे हैं, राष्ट्रों को अधिसूचना प्रक्रियाओं के अनुसार उनके दायित्वों की याद दिलाते हैं, जो ऊपर पैरा 23-30 में निर्धारित हैं और आगे राष्ट्रों से एसएसएसआई को सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया में एफजीएस को सूचित करने सहित सख्ती से इस अधिसूचना का पालन करने का *आग्रह किया है;*

32. *पुष्टि* करता है कि जहां अनुच्छेद 23 या 24 लागू होते हैं वहां एफजीएस हथियारों और सैन्य उपकरणों की आपूर्ति के 30 दिन तक, एसएनएसएफ को किसी भी आपूर्ति के होने की लिखित पुष्टि के रूप में एक पोस्ट-डिलीवरी अधिसूचना समिति को प्रस्तुत करेंगे, जिसमें हथियारों और सैन्य उपकरणों के लिए सीरियल नंबर, शिपिंग जानकारी, लदान का बिल, कार्गो मैनिफ़ेस्ट या पैकिंग सूचियाँ और भंडारण का विशिष्ट स्थान शामिल है तथा यह एफ़जीएस के सहयोग से आपूर्ति करने वाले राष्ट्र या अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय या उप-क्षेत्रीय संगठन के महत्व को मान्यता देता है;

33. *निर्णय* करता है कि अनुच्छेद 25 या 26 के अंतर्गत आपूर्ति करने वाले राष्ट्र या अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय या उप-क्षेत्रीय संगठन, एसएसएसआई को हथियारों और सैन्य उपकरणों की डिलीवरी के 30 दिनों तक, समिति को एक पोस्ट-डिलीवरी अधिसूचना प्रपत्र में प्रस्तुत करेंगे जिसमें किसी भी आपूर्ति के पूरा होने की लिखित पुष्टि,जिसमें हथियारों और सैन्य उपकरणों के लिए सीरियल नंबर, शिपिंग जानकारी, लदान बिल, कार्गो मैनिफेस्ट या पैकिंग सूची और भंडारण की विशिष्ट जगह शामिल है और इसके साथ साथ एफजीएस को भी सूचित करेंगे;

शस्त्र प्रतिबंध के लिए अतिरिक्त छूट

34. *पुष्टि* करता है कि शस्त्र प्रतिबंध निम्न पर लागू नहीं होगा:

(1) सोमालिया में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएसओएम) सहित अफ्रीकी संघ मिशन (एएमआईएसओएम) के सैन्य कार्यों के लिए संयुक्त राष्ट्र कर्मियों के सहयोग या इनके उपयोग के लिए हथियारों या सैन्य उपकरणों की आपूर्ति करना या तकनीकी सलाह देना, प्रशिक्षण देना; एएमआईएसओएम के रणनीतिक साझेदार ,जो इसके सहयोग और समन्वय में नवीनतम अफ्रीकी संघ रणनीतिक अवधारणा के संचालन में ही कार्यरत हैं; और संकल्प 2111 (2013) के पैरा 10 (क)- (घ) के अनुसार सोमालिया में यूरोपीय संघ प्रशिक्षण मिशन (ईयूटीएम)

(2) एफजीएस के अनुरोध पर और जिसके लिए एफजीएस ने महासचिव को अधिसूचित किया है, सोमालिया के तट पर समुद्री डकैती और सशस्त्र डकैती के कृत्यों को रोकने के उपाय करने वाले राष्ट्रों या अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय संगठनों के एकमात्र उपयोग के लिए निर्धारित हथियारों और सैन्य उपकरणों की आपूर्ति, परन्तु किए गए कोई भी उपाय लागू अंतर्राष्ट्रीय मानवीय और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून होने के अनुरूप हों;

(3) संयुक्त राष्ट्र के कर्मियों, मीडिया के प्रतिनिधियों और मानवीय एवं विकास कार्यकर्ताओं और संबंधित कर्मियों के अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए सोमालिया को अस्थायी रूप से निर्यात किए गए सुरक्षात्मक कपड़ों की आपूर्ति जिसमें फ्लैक जैकेट और सैन्य हेलमेट शामिल हैं;

(4) रक्षात्मक उद्देश्यों के लिए हथियारों और सैन्य उपकरणों को ले जाने वाले जहाजों की अस्थायी यात्राओं के लिए सोमाली बंदरगाहों में प्रवेश, परन्तु ऐसी वस्तुएं हर समय ऐसे जहाज़ों पर मौजूद रहें (जैसा कि पहले संकल्प 2244 (2015) के पैरा 3 द्वारा पुष्टि की गई थी);

भाग 3: लक्षित उपाय

35. अपने संकल्प 1844 (2008) के निर्णयों *जिसके द्वारा* लक्षित प्रतिबंध लगाए गए हैं और संकल्प 2002 (2011) और 2093 (2013) जो सूचीबद्ध मानदंड का विस्तार करते हैं और अपने संकल्प 2060 (2012) और 2444 (2018) के निर्णयों को *स्मरण करता है* और इसके अलावा *स्मरण करता* कि सूचीबद्ध मानदंड में यौन और लिंग आधारित हिंसा से संबंधित कार्य करने, योजना बनाने, निर्देशित करने या कार्य करने के लिए शामिल है, लेकिन ये यहीं तक सीमित नहीं है और सदस्य राष्ट्रों की जांच में विशेषज्ञों के पैनल की सहायता करने के लिए उनके साथ और एफ़जीएस, एफ़एमएस और एएमआईएसओएम और सहभागियों के साथ, विशेष रूप से अल-शबाब की गतिविधियों, जहां सूचीबद्ध मानदंड द्वारा शामिल किया गया है, के आचरण या उनकी जानकारी साझा करने के लिए अपने अनुरोध को दोहराता है;

36. समिति को संकल्प 1960 (2010) के अनुच्छेद 7 और संकल्प 1998 (2011) के अनुच्छेद 9 के अनुसार बच्चों और सशस्त्र संघर्ष के लिए महासचिव के विशेष प्रतिनिधि से और संघर्ष में यौन हिंसा के लिए विशेष प्रतिनिधि के साथ प्रासंगिक जानकारी साझा करने के लिए *अनुरोध* करता है और संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त कार्यालय को मानवाधिकारों के लिए उपयुक्त प्रासंगिक जानकारी साझा करने के लिए आमंत्रित करता है;

37. पुष्टि करता है कि कहीं भी आयोजित मानवीय सहायता कार्यक्रमों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, इसके संकल्प 1844 (2008) के अनुच्छेद 3 द्वारा लगाए गए उपाय संयुक्त राष्ट्र, इसकी विशिष्ट एजेंसियां या कार्यक्रमों संयुक्त राष्ट्र महासभा के साथ पर्यवेक्षक का दर्जा रखने वाले मानवीय संगठन जो मानवीय सहायता प्रदान करते हैं और उनके कार्यान्वयन में भागीदार द्विपक्षीय या बहुपक्षीय रूप से वित्त पोषित गैर-सरकारी संगठन, जो सोमालिया के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता योजना में भाग ले रहे हैं द्वारा सोमालिया में तत्काल आवश्यक मानवीय सहायता के समय पर वितरण को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक धन, अन्य वित्तीय संपत्तियों या आर्थिक संसाधनों के भुगतान पर लागू नहीं होंगे;

सोमालिया पर विशेषज्ञों का पैनल

38. इस संकल्प को अंगीकार करने की तारीख से15 दिसंबर 2022 तक, सोमालिया पर पैनल को नवीकृत करने का निर्णय करता है और पैनल के अधिदेश इसके संकल्प 2444 (2018) के पैराग्राफ 11 और के पैराग्राफ 2 में संदर्भित कार्य शामिल होंगे, महासचिव से इसके संकल्प 2467 (2019) के अनुच्छेद 11 के अनुरूप समर्पित महिला पुरुष विशेषज्ञता को शामिल करने का अनुरोध करता है और आगे अनुरोध करता है कि पैनल अपनी जांच और रिपोर्टिंग में जेंडर को एक क्रॉस-कटिंग मुद्दे के रूप में शामिल करे और पैनल के अधिदेश की समीक्षा करे और 15 नवंबर 2022 तक अधिदेश के किसी भी विस्तार के संबंध में उचित कार्रवाई करे;

39. एफजीएस और पैनल के बीच पूर्ण सहयोग के महत्व को स्मरण करता है, हिरासत में लिए गए अल-शबाब और आईएसआईएल के संदिग्ध सदस्यों के पैनल साक्षात्कार की सुविधा के लिए एफजीएस से अनुरोध करता है और दस्तावेज़ एस/2006/997 के अनुरूप अपने आदेश को पूरा करने वाले पैनल के महत्व को नोट करता है तथा पैनल से अनुरोध करता है कि हथियारों में एफजीएस का समर्थन करने के तरीके पर समिति को सिफारिशें और राष्ट्रीय लघु शस्त्र तथा हल्के हथियार आयोग की स्थापना के प्रयासों सहित गोला-बारूद प्रबंधन करे;

40. राष्ट्रों, एफ़जीएस, एफ़एमएस और एएमआईएसओएम के लिए पैनल को जानकारी प्रदान करने और जांच में उनकी सहायता के लिए अपना अनुरोध दोहराता है और सुरक्षा परिषद को इस संकल्प के कार्यान्वयन की निगरानी और मूल्यांकन करने में सक्षम बनाने के लिए एफ़जीएस और एफ़एमएस से पैनल के लिखित अनुरोध पर एफ़जीएस को मोगदिशु में सभी एफ़जीएस शस्त्रागार, सभी एफ़जीएस -आयातित पैनल की सुविधा, वितरण से पहले हथियार और गोला बारूद, सोमालिया राष्ट्रीय सेना (एसएनए) क्षेत्रों में सभी एफजीएस सैन्य भंडारण सुविधाएं और एफजीएस और एफएमएस के कब्जे वाले हथियार और एफजीएस और एफएमएस के पास मौजूद हथियारों और गोला-बारूद की तस्वीरों और एफजीएस और एफएमएस तक पहुंच की अनुमति देने के लिए और लॉगबुक और वितरण रिकॉर्ड को दिखाने का अनुरोध करता है;

रिपोर्टिंग

41. समिति को नियमित अद्यतन जानकारी प्रदान करने के लिए पैनल से अनुरोध करता है, जिसमें शामिल हैं: त्रैमासिक आधार पर कम से कम चार अलग-अलग विषयगत रिपोर्ट दी गई, जिसमें हथियारों और सैन्य उपकरणों की तस्करी, समिति के माध्यम से सुरक्षा परिषद के विचारार्थ एक व्यापक मध्य-अवधि की अद्यतन जानकारी और, 15 अक्टूबर 2022 तक एक अंतिम रिपोर्ट शामिल है और पैनल से उनकी रिपोर्टिंग के निष्कर्षों पर समिति से प्रतिक्रिया लेने का आग्रह करता है ;

42. महासचिव से अनुरोध करता है कि परिषद को 15 सितंबर 2022 से पहले, और सोमालिया के हथियारों और गोला-बारूद प्रबंधन क्षमता के तकनीकी मूल्यांकन को पूरा करने के बाद, इसे और बेहतर बनाने और स्पष्ट एवं यथार्थवादी बेंचमार्क के लिए विकल्पों को स्पष्ट करने के लिए सिफारिशें प्रदान करें जो सुरक्षा परिषद को आज की तारीख तक की गई प्रगति और इस संकल्प के अनुपालन और विशेष रूप से उन उपायों के संभावित संशोधन, निलंबन या इन्हें उठाने पर विचार के आलोक में शस्त्र प्रतिरोध के उपायों की समीक्षा में मार्गदर्शन करने में सहायता कर सकते हैं;

43. सोमालिया में मानवीय सहायता प्रदान करने और सोमालिया में मानवीय सहायता प्रदान करने में किसी भी प्रकार की बाधा पर आपातकालीन राहत समन्वयक से 15 अक्टूबर 2022 तक सुरक्षा परिषद को रिपोर्ट करने का अनुरोध करता है;

44. एफजीएस से अनुरोध करता है कि वह संकल्प 2182 (2014) के पैरा 9 के अनुसार और जैसा कि संकल्प 2244 (2015) के पैरा 7 में अनुरोध किया गया है वह 1 फरवरी 2022 तक और या फिर 1 अगस्त 2022 तक सुरक्षा परिषद को रिपोर्ट करे, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(क) अपने सुरक्षा बलों की संरचना, संयोजन, शक्ति और प्रकृति तथा क्षेत्रीय एवं सुरक्षा बलों की स्थिति,

(i) संकल्प 2182 (2014) के पैराग्राफ 7 और संकल्प 2551 (2020) के पैरा 37 में प्रार्थित संयुक्त सत्यापन दल (जेवीटी) की रिपोर्ट;

(ii) आयातित हथियारों और गोला-बारूद के वितरण पर सैन्य उपकरणों के भंडारण के स्थान या एसएनएसएफ में गंतव्य इकाई के बारे में अधिसूचनाओं को शामिल करना;

(ख) घरेलू वित्तीय संस्थानों द्वारा सूचित संदिग्ध गतिविधि का अद्यतन सारांश, आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने और संवेदनशील जानकारी की गोपनीयता की रक्षा के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग केंद्र द्वारा की गई जांच और कार्रवाई;

(ग) जानकारी उपलब्ध होने पर, समिति द्वारा नामित व्यक्तियों की स्थिति पर एक अद्यतन जानकारी;

45. इरिट्रिया और जिबूती के बीच संबंधों के सामान्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने पर दिनांक 31 जुलाई 2022 के बाद सुरक्षा परिषद को अद्यतन जानकारी उपलब्ध करने के लिए महासचिव से अनुरोध करता है;

46. मामले की जांच करने का निर्णय लिया गया है।

उपाबंध क

समिति की अग्रिम स्वीकृति के अध्यधीन मदें

1. सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, जिनमें मैन-पोर्टेबल एयर-डिफेंस सिस्टम शामिल हैं (मैनपैड);

2. 12.7 मिमी से अधिक कैलिबर वाले हथियार, और विशेष रूप से इनके लिए डिज़ाइन किए गए घटक, और संबंधित गोला बारूद;

टिप्पणी : (इसमें आरपीजी या एलएडब्लू जैसे कंधे से चलने वाले एंटी टैंक रॉकेट लॉन्चर शामिल नहीं हैं (हल्का एंटी टैंक हथियार), राइफल ग्रनेड, या ग्रनेड लांचर।);

3. 82 मिमी से अधिक कैलिबर के मोर्टार और संबंधित गोला बारूद;

4. एंटी टैंक गाइडेड हथियार, जिसमें एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) और गोला-बारूद तथा इन मदों के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए घटक शामिल हैं;

5. सैन्य उपयोग के लिए विशेष रूप से डिजाइन चार्ज और उपकरण; माइन और संबंधित सामग्री;

6. रात्रि दृष्टि क्षमता वाले हथियार स्थल;

7. सैन्य उपयोग के लिए विशेष रूप से डिजाइन या बनाए गए विमान;

टिप्पणी: "विमान" का अर्थ है फिक्स्ड विंग, स्विवल विंग, रोटरी विंग, टिल्ट रोटर या टिल्ट विंग वाहन, या हेलीकॉप्टर।

8. "जहाज" और उभयचर वाहन विशेष रूप से सैन्य उपयोग के लिए डिज़ाइन या बनाए गए वाहन;
टिप्पणी : "पोत" में कोई भी जहाज, सतह पर चलने वाला वाहन, छोटे जलपोत का पोत शामिल है क्षेत्र या हाइड्रोफॉइल और एक पोत के पतवार या पतवार का हिस्सा।

9. मानव रहित लड़ाकू हवाई वाहन (संयुक्त राष्ट्र पारंपरिक हथियार रजिस्टर में श्रेणी IV के रूप में सूचीबद्ध)।

उपाबंध ख

सोमाली राष्ट्रीय सुरक्षा बल के लिए उपकरण की सुपुर्दगी के संबंध में अधिसूचना और एफजीएस के अतिरिक्त सोमालिया सुरक्षा क्षेत्र के संस्थानों के लिए समिति का अनुमोदिन

• 12.7 मिमी कैलिबर वाले सभी प्रकार के हथियार: और संबद्ध गोला बारूद;

• आरपीजी-7 और रिकॉइललेस राइफल, और संबंधित गोला बारूद;

• सैन्य मानकों या विशिष्टताओं के अनुसार निर्मित हेलमेट, या तुलनीय राष्ट्रीय मानक;

• शारीरिक कवच या सुरक्षात्मक वस्त्र, इस प्रकार हैं;

- सेना के मानकों या विनिर्देशों या उनके समकक्ष निर्देशों के अनुसार निर्मित सॉफ्ट बॉडी आर्मर या सुरक्षात्मक वस्त्र;

  टिप्पण : सैन्य मानक या विशिष्टताएं जिसमें विखंडित सुरक्षा के लिए में न्यूनतम विनिर्देश शामिल हैं।

- हार्ड बॉडी आर्मर प्लेट्स जो स्तर III (एनआईजे 0101.06 जुलाई 2008) राष्ट्रीय मानकों के समकक्ष या इसके बराबर बैलिस्टिक सुरक्षा प्रदान करती है;

• सैन्य उपयोग के लिए विशेष रूप से डिजाइन या संशोधित जमीन पर चलने वाले वाहन;

• सैन्य उपयोग के लिए विशेष रूप से डिजाइन या संशोधित संचार उपस्कर

• ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (GNSS) पोजिशनिंग उपकरण, विशेष रूप से सैन्य उपयोग के लिए डिज़ाइन या संशोधित।

उपाबंध ग

विस्फोटक युक्ति (आईईडी) घटक विस्फोटक सामग्री, विस्फोटक प्रवर्तक, विस्फोटक संबंधित उपस्कर और संबंधित प्रौद्योगिकी
भाग I

1. विस्फोटक सामग्री, और जिसमें एक या इससे अधिक मिश्रण निम्नानुसार शामिल है :

क. नाइट्रोसेल्यूलोज (12.5% से अधिक नाइट्रोजन डब्लू/ डब्लू युक्त);

ख. ट्राईनाइट्रोफेनिलमिथाइलनाइट्रामाइन (टेट्रिल);

ग. नाइट्रोग्लिसरीन (एकल औषधीय खुराक में पैक/तैयार करने के अतिरिक्त)

2. विस्फोटक से संबंधित सामग्री :

क. उपस्कर और डिवाइज जो विशेष रूप से विद्युत या गैर-विद्युत वाले विस्फोटक शुरू करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं (जैसे फायरिंग सेट, डेटोनेटर, इग्नाइटर, डेटोनिंग कार्ड)।

3. पैरा 1 और 2 में सूचीबद्ध वस्तुओं के "उत्पादन" या "उपयोग" के लिए आवश्यक "प्रौद्योगिकी"।

भाग II

1. विस्फोटक सामग्री, और उसमें शामिल एक या अधिक मिश्रण निम्नानुसार हैं:

क. अमोनियम नाइट्रेट ईंधन तेल (एएनएफओ);

ख. नाइट्रोग्लाइकॉल;

ग. पेंटाइरीथ्रिटोल टेट्रानाइट्रेट (पीईटीएन);

घ. पिक्रिल क्लोराइड;

ड. 2,4,6-ट्रिनिट्रोटोलुइन (टीएनटी)।

2. विस्फोटक प्रवर्तक:

क. अमोनियम नाइट्रेट;

ख. पोटेशियम नाइट्रेट;

ग. सोडियम क्लोरेट;

घ. नाइट्रिक एसिड;

ड. सलफेट एसिड।

उपाबंध 7

संकल्प 2628 (2022)

सुरक्षा परिषद द्वारा तारीख 31 मार्च 2022 की 9009 बैठक में अंगीकार किया गया

सुरक्षा परिषद,

सोमालिया की स्थिति पर राष्ट्रपति के पिछले संकल्पों और बयानों को दोहराते हुए, और सोमालिय की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता, राजनीतिक स्वतंत्रता और एकता के लिए अपने सम्मान की पुष्टि करते हुए,

यह दोहराते हुए कि सोमालिया की संघीय सरकार (एफजीएस) की प्राथमिक जिम्मेदारी सोमालिया में सुरक्षा सुनिश्चित करना है, और सोमालिया के सुरक्षित, स्थिर, शांतिपूर्ण, एकजुट और लोकतांत्रिक देश के अपने लक्ष्य को उत्तरोत्तर प्राप्त करने के लिए निरंतर अंतर्राष्ट्रीय समर्थन के अनुरोध को स्वीकार करते हुए।

इस बात पर बल देते हुए कि सोमालिया द्वारा सोमालिया संक्रमण योजना (एसटीपी), और राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे (एनएसए) के अधीन निर्धारित दिशा में रणनीति के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय समर्थन प्रदान किया जाना चाहिए और सोमालिया में स्थिरता एवं राष्ट्र-निर्माण प्रक्रियाओं के समर्थन में सभी हितधारकों के बीच अधिक साझेदारी और समन्वय का आग्रह करते हुए ,

सोमालिया में पहली बार 15 साल पहले अधिकृत होने से अब तक स्थायी शांति और स्थिरता का निर्माण करने के लिए अफ्रीकी संघ मिशन (एएमआईएसओएम) के योगदान की सराहना करते हुए, और मिशन के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले एएमआईएसओएम के सभी कर्मियों और सोमाली सुरक्षा बलों को श्रद्धांजलि देते हुए,

सोमालिया में संयुक्त राष्ट्र सहायता कार्यालय (यूएनएसओएस) द्वारा एएमआईएसओएम को प्रदान किए गए समर्थन का स्वागत करते हुए, यूरोपीय संघ और अन्य दाताओं द्वारा एएमआईएसओएम को प्रदान की गई वित्तीय सहायता की सराहना करते हुए, और सदस्य राज्यों द्वारा सोमालिया को प्रदान किए गए द्विपक्षीय समर्थन को ध्यान में रखते हुए,

